# कार्यालयः खण्ड शिक्षा अधिकारी रायपुर, देहरादून।

e.mail Id- beoraipur.ddn@gmail.com

सेवा में,

समस्त
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या / प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका
शासकीय / अशासकीय / निजी विद्यालय
रायपुर, देहरादून।

पत्रांकः विविध/1077-78/सेवा संकल्प अभियान / 2026–27 दिनांक 22 सितम्बर, 2026

**विषयः–सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी, मयूर विहार, देहरादून के पंत्राक–5245–49 / विविध / सेवा संकल्प / 2026 दिनांक 21 सितम्बर 2026 के क्रम में विद्यालयी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित शासकीय, अशासकीय, निजी विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक, रचनात्मक, सांस्कृतिक, खेल एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय निमार्ण, सेवा भावना, नशामुक्ति तथा विकसित भारत संकल्प के प्रति जागरूकता एवं संक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है। कार्यक्रम के आयोजन हेतु निम्नवत् कार्यवाही सुनिश्चित की जाय–

| क्र0सं0 | दिनांक | स्तर | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 1 | 26 / 2 / 2026 | विद्यालय स्तर | भाषण, खेल एवं फिट इंडिया गतिविधियां आदि |
| 2 | 28 / 9 / 2026 | विद्यालय स्तर | चित्रकला / पेंटिग |

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र पर कार्यक्रमों की प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार दिये गये अपने विद्यालय में समस्त कार्यक्रम का आयोजन कर फोटो एवं संक्षिप्त विवरण तैयार कर एवं उक्त कार्यक्रमों में मा0 सांसद, क्षेत्रीय विधायक एंव अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अमन्त्रित कर सम्पूर्ण आख्या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को दिनांक 29 / 9 / 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न–यथावत्।

भवदीया

(हेमलता गौड उनियाल)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
रायपुर, देहरादून।

पृ0सं0– विविध/1077-78/सेवा संकल्प अभियान / 2026–27 दिनांक– उक्तवत्।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य शिक्षा अधिकारी, मयूर विहार, देहरादून।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
रायपुर, देहरादून।

कार्यालयः– मुख्य शिक्षा अधिकारी मयूर विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
Ph.No. 0135-2787028 Email- dco.dehradun dir@gmail.com

सेवा में,

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,
जनपद–देहरादून।

पत्रांक 5245-49 / विविध / /सेवा संकल्प अभियान /2026–27 / दिनांक 21 सितम्बर 2026

विषयः– "सेवा संकल्प" अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के प्रस्ताव विषयक।

महोदय ,

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक/2811–20/2026–27 दिनांक 19 सितम्बर, 2026 एवं जिलाधिकारी, देहरादून के आदेश पत्रांक/67/ एस0पी0ए0/सेवा संकल्प अभियान/2026–27 दिनांक 13 सितम्बर, 2026 के क्रम विद्यालयी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, निजी विद्यालयों में तथा डायट में विभिन्न शैक्षिक, रचनात्मक, सांस्कृतिक, खेल एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय निर्माण, सेवा भावना, नशामुक्ति तथा विकसित भारत संकल्प के प्रति जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है। कार्यक्रम के आयोजन हेतु निम्नवत् कार्यवाही सुनिश्चित की जाय–

| क0सं0 | दिनांक | स्तर | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 1 | 26.09.2026 | विद्यालय स्तर | भाषण, खेल एवं फिट इंडिया गतिविधियां आदि |
| 2 | 28.09.2026 | विद्यालय स्तर | चित्रकला/पेंटिंग |
| 3 | 30.09.2026 | जनपद स्तर | जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं/ सेवा गतिविधियां प्रदर्शनी, सम्मान समारोह, विद्यार्थियों से संवाद |
| 4 | 07.10.2026 | राज्य स्तर | राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी , सम्मान समारोह एवं विद्यार्थियों से संवाद |

**कार्यक्रमों की प्रस्तावित कार्ययोजना निम्नवत है–**

1. **मेरे सपनों का भारत** "विकसित भारत 2047 तथा केन्द्र/राज्य सरकार की योजनाओं पर निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी विद्यालय स्तर पर।
2. **सेवा कार्य**
प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारम्भ की गई प्रमुख पहलों, निर्णयों एवं नीतियों से संबंधित नुक्कड़ नाटक विद्यालय/सार्वजनिक स्थानों पर।
3. **सेवा की कहानी भाषा –**
शिल्पकला एवं एनीमेशन आदि के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की प्रेरणादायी कहानियों का प्रदर्शन विद्यालय स्तर पर।

Scanned with OKEN Scanner

सेवा मेरा योगदान-
सफाई स्वच्छता श्रमदान शिक्षण एवं अन्य समाजोपयोगी गतिविधियों में विद्यार्थियों एवं नागरिकों की सहभागिता विद्यालय परिसर/ आसपास।

सेवा के रंग-
विद्यालयों एवं सार्वजनिक परिसरों में रंगोली बनाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा विभागीय उपलब्धियों का प्रदर्शन विद्यालय/सार्वजनिक परिसर।

6. **स्वदेशी एवं खादी**
गांधी जयंती के अवसर पर स्वदेशी एवं खादी अपनाने तथा 'वोकल फॉर लोकल' से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 02 अक्टूबर 2026

7. **फिट इंडिया एवं विकसित भारत-**
विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं Fit India Movement से संबंधित गतिविधियां तथा विकसित भारत विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर

**कार्यक्रम संचालन की प्रक्रिया**
प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनी सुविधानुसार उपरोक्त गतिविधियों का चयन कर निर्धारित अवधि में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रमों में स्वच्छता, सेवा, जन-जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली, स्वदेशी एवं विकसित भारत-2047 जैसे विषयों को प्रमुखता दी जाएगी।

आयोजित कार्यक्रमों की फोटो एवं संक्षिप्त विवरण विद्यालय स्तर पर संकलित किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर कार्यक्रमों की संकलित आख्या तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी।
जिला स्तर पर प्राप्त आख्या के आधार पर कार्यक्रमवार उत्कृष्ट विवरण एवं फोटोग्राफ सहित समेकित रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित की जाएगी।
गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने विकासखण्ड के अन्तर्गत समस्त शासकीय,अशासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो/प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उक्तानुसार समस्त कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित करवाना सुनिश्चित करें तथा उक्त कार्यक्रमों में मा0 सांसद, क्षेत्रीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अमन्त्रित करना सुनिश्चित करेगें।

भवदीय
21/9/26
(गोविन्द राम जायसवाल)
मुख्य शिक्षा अधिकारी
देहरादून

पृष्ठांकन/ विविध/ 5245-49 / सेवा सकल्प अभियान /2026-27 दिनांक-उक्तांकित।
प्रतिलिपिः- निम्नांकित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, देहरादून।
3. मुख्य विकास अधिकारी, देहरादून।
4. कार्यालय रक्षित पत्रावली

मुख्य शिक्षा अधिकारी
देहरादून

Scanned with OKEN Scanner